# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–26 जुलाई 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ छत्तीसवीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयां छू रहा है। करगिल विजय दिवस के वीर सैनिकों का स्मरण करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है।

***आज 'कारगिल विजय दिवस' है। ये दिन हमें गर्व से भर देता है। ये दिन हमें अपने वीर जवानों के अद्भुत साहस की याद दिलाता है। कारगिल की ऊंची–ऊंची चोटियाँ, कठिन मौसम, दुश्मन की चुनौती, हर परिस्थिति हमारे सैनिकों के सामने थी, लेकिन उनका हौंसला हर चुनौती से बड़ा था। उन्होंने माँ भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया।***

कैच द रेन अभियान के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि चार जुलाई से यह विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।

***कैच द रेन का संदेश बहुत सीधा है– जब बारिश गिरे, पानी को वहीं सहेजिए, इसलिए 04 जुलाई से देश–भर में एक विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत बारिश के पानी के संचयन, ग्राउंड वाटर रिचार्ज, पुराने जल–स्त्रोतों के पुनर्जीवन और वृक्षारोपण को नई गति दी जा रही है।***

प्रधानमंत्री ने पन्द्रह अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के बारे में भी बात की। कहा कि यह दिन उन असंख्य वीरों को याद करने का है, जिन्होंने भारत माता की स्वतंत्रता के लिये अपना सब कुछ समर्पित कर दिया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के जरिये अपने विचारों को साझा करने के क्रम में उत्तर प्रदेश की सराहना कीं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश में जनशक्ति का अद्‌भुत संकल्प देखने को मिला है। श्री मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सांसद होने के नाते उनके लिये यह गर्व की बात है। मन की बात में प्रदेश की सराहना करने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रदेश की सामूहिक चेतना का सम्मान है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा के डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने वाली मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बदलते दौर में शिक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ गयी है। परिवर्तन तभी आयेगा जब शिक्षक और छात्र के बीच सार्थक संवाद होगा। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वह जब भी नये सत्र की पहली कक्षा लें तो सीधे पाठ्यक्रम शुरू करने की बजाय उसे परिचयात्मक और रोचक बनायें। कैशलेस चिकित्सा योजना की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि–

***घटनाएं दुर्घटनाएं अगर बोल करके नहीं आती हैं, मुहूर्त देख करके नहीं आती हैं, कोई भी व्यक्ति इसकी चपेट में आ सकता है, लेकिन जब आता है तो उस समय वह व्यक्ति या उसका परिवार अपने आप को असहाय महसूस न करे बल्कि सिस्टम उसके साथ खड़ा है, शासन उसके साथ खड़ा है। जिसमें प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य की सुविधा राज्य सरकार आज उपलब्ध करा रही है***

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल, प्रदेश सरकार के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय भी मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज ही इटावा पहुंच कर वहां के नुमाइस पाण्डाल में छः सौ चार करोड़ रूपये की एक सौ अट्ठाइस परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश में हुए विकास कार्य की विस्तार से जानकारी दी।

**********

राष्ट्र आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर वर्ष उन्नीस सौ निन्यानबे के करगिल युद्ध में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। सुल्तानपुर में इस अवसर पर गोमती मित्रों ने मां गोमती की स्वच्छता और संरक्षण के लिये श्रमदान किया। वाराणसी में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर काशी विश्वनाथ धाम में नमामि गंगे की ओर से भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को नमन किया गया। लखनऊ में इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

**********

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश ने वर्ष दो हजार सत्ताइस की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिये व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को अपना आवेदन सम्बन्धित अग्रसारण केन्द्र के प्राधानाचार्य को पांच अगस्त तक देना होगा।

**********